# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

**विषय - सामाजिक विज्ञान** H2025SSC08371

**समय- $2\frac{1}{2}$ घण्टे** **कक्षा- 8** **पूर्णांक-60**

**बहुविकल्पीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 1-5 )**

**निर्देश** – सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र–1. ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया पुस्तक के लेखक थे– 1

(A) चार्ल्स डार्विन (B) जेम्स मूलर

(C) जेम्स मिल (D) जेम्स रेनेल

प्र–2 झरिया कोयला क्षेत्र खदान किस राज्य में स्थित है – 1

(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार

(C) मैसूर (D) झारखंड

प्र–3 भारतीय संविधान का प्रमुख लक्षण है– 1

(A) संघवाद (B) राजतंत्र

(C) निरंकुशवादी (D) तानाशाही

प्र–4 किसी भी व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार धर्म अपनाना एवं प्रचार–प्रसार करने का अधिकार कौन–से मौलिक अधिकार में प्राप्त हुआ है– 1

(A) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (B) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

(C) शोषण के विरुद्ध अधिकार (D) स्वतंत्रता का अधिकार

प्र–5 बजट में नहीं दर्शाया जाता है– 1

(A) आगामी वर्ष की विकास योजना (B) पिछले वर्ष का वित्तीय विवरण

(C) आयकर के प्रावधान (D) आगामी चुनाव की योजना

**रिक्त स्थान ( प्रश्न क्र. 6–10 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र–6 बंगाल पर अंग्रेजों की जीत ...................... की लड़ाई से शुरु हुई थी। 1

प्र–7 कानून के शासन से तात्पर्य है कि कानून सबके लिए..............है। 1

प्र–8 भारतीय संविधान सभी को अपने धार्मिक नियमों और तौर तरीकों को............की पूरी छूट देता है। 1

प्र–9 भारतीय संविधान में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को...........की गारंटी दी गई है। 1

प्र–10 मुंबई की उपनगरीय रेलवे एक अच्छी............परिवहन प्रणाली है। 1

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 11-16 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र-11 किस पुर्तगाली द्वारा भारत तक पहुंचने के लिए समुद्री मार्ग का पता लगाया था ? 2

प्र-12 किस व्यवस्था के अंतर्गत कंपनी के द्वारा राजाओं और तालुकेदारो को जमीदारों के रूप में मान्यता दी गई ? 2

प्र-13 औपनिवेशिक काल में जाति के विरुद्ध सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन कौन सा था ? 2

प्र-14 विवादों का निपटारा, न्यायिक समीक्षा, लोकतंत्र की व्यवस्था बनाना किसके अधिकार क्षेत्र में हैं ? 2

प्र-15 जंगलों से प्राप्त होने वाली कोई दो वस्तुओं के नाम लिखिए। 2

प्र-16 जनजातीय आवादी वाले क्षेत्रों में सामाजिक न्याय को प्रोत्साहन हेतु लागू किसी एक योजना का नाम लिखिए। 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 17-22 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्र-17 उत्तर भारत में 1857 के विद्रोह के मुख्य केंद्र कौन कौन से थे? 3

प्र-18 ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए क्या प्रयास किए? 3

प्र-19 प्राकृतिक संसाधन और मानव निर्मित संसाधनों में क्या अंतर है ? कोई तीन अंतर लिखिए। 3

प्र-20 झोंका भटटी किस प्रकार कार्य करती है? 3

प्र-21 जनसंख्या परिवर्तन को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो कारकों की भूमिका का वर्णन कीजिए। 3

प्र-22 इस्पात को आधुनिक उद्योगों का मेरुदण्ड क्यों कहा जाता है? 3

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 23-26 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र-23 बंगाल विभाजन क्यों किया गया एवं इसके क्या परिणाम हुए? 5

प्र-24 भारत में कृषि एक प्राथमिक क्रिया है। कारण लिखिए। 5

प्र-25 मृदा निम्नीकरण रोकने की विधियों का वर्णन कीजिए। 5

प्र-26 भारत कब स्वतंत्र हुआ? इस स्वतंत्रता के लिए लोगों ने क्या-क्या प्रयास किए? लिखिए। 5

-----x-----